# कायस्थ शिरोमणी सेवा ट्रस्ट (रजि0)

स्थापनाः— दिनांक 07 जुलाई 2019

## मुख्य उद्देश्य

**कायस्थ शिरोमणि सेवा ट्रस्ट श्री प्रकाश कुमार सिन्हा (ट्रस्ट के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष) की पहल है। यह ट्रस्ट जन कल्याण, हमारे समाज के कल्याण लिये बनाया गया है। हमारा उद्देश्य है : मानव प्रयास के सभी क्षेत्रों में विकास एवं संवर्धन का प्रयत्न कर लक्ष्य की व्यापकता से, बिना किसी द्वेष के:-**

1. **अपने देश के सांस्कृतिक, सामाजिक, शैक्षिक,नैतिक और आध्यात्मिक क्रांति के लिए उपाय और साधन।**
2. **बच्चों के लिए खेल व्यवस्था, बाल साहित्य पुस्तकालय की स्थापना करना एवं नृत्य संगीत, निबंध प्रतियोगिता करवाना और मेधावी बच्चों का चयन कर पुरस्कृत करना।**
3. **सभाओं, गोस्ठियों, संगोस्ठियों, प्रवचनों, प्रशिक्षण, पाठ्यक्रमों प्रदर्शनियों और मेलों का आयोजन करना।**
4. **समयानुसार समाज सेवा और विकास तथा शिविरों का जैसे- रक्त दान, स्वास्थ शिविर, आँख चेकअप, तथा आँखों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन कैंप का आयोजन करवाना, सरकारी अस्पतालों में बिमारियों, गरीब बच्चों कि मदद करना,असहाय बच्ची की शादी में हर संभव मदद करना, गर्मियों में जगह-जगह पनशाला और सर्दियों में असहाय को कम्बल वितरण।**
5. **समाज के गरीब विधवाओं को सम्मान और आर्थिक मदद करना, कम उम्र के विधवा महिलाओं के सर्व सम्मति होने पर पुनर्विवाह करवाना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के जागरण के साथ आपसी प्रेम सद्भाव बनाये रखने के लिए मिलन समारोह करना।**
6. **समाज में दहेज मुक्त विवाह को प्रोत्साहन देना।**
7. **महापुरुषों के वर्षगांठ और ऐतिहासिक घटनाओं और अवसरों का स्मरण करना।**
8. **समाज में पढ़े लिखे बेरोजगार युवक/युवतियों के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करना।**
9. **नवयुवक/नवयुवतियों के विवाह संबंधी समस्याओं का निराकरण करना।**

# ट्रस्ट की उपलब्धि

- वर्ष 2019 में चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर सभी पूजा पंडाल के द्वारा शुद्ध और स्वच्छ जल पीने की व्यवस्था किया गया।
- ट्रस्ट के द्वारा दिनांक 16 फरवरी 2020 को छात्र/छात्राओं को " छात्रवृति योजना" के तहत छात्रवृति वितरण तथा वर्ष 2020 का कैलेण्डर विमोचन किया गया।
- कोराना काल में भी ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए जरूरतमंदो की बीच अपनी सेवा प्रदान किया गया।
- ट्रस्ट के नाम का वेबसाईट (www.kayasthshiromanisewatrust.in) बनाया गया, जिसका विधिवत विमोचन दिनांक 30.08.2020 को माननीय विधायक श्री राज सिन्हा के द्वारा किया गया।
- धनबाद जिले में **SRIVASTAVA CLASSES** द्वारा चित्रांश परिवार के बच्चों को ट्रस्ट के माध्यम से विशेष छुट के साथ नामांकन एवं **Course Fee** में रियायत के साथ प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करवाना।
- ट्रस्ट के सामाजिक उद्देश्य के मद्देनजर धनबाद में चित्रांश परिवार के दो लड़कियों के शादी में चित्रांश सदस्यों के सहयोग से ट्रस्ट की ओर से आर्थिक मदद कर शादी सम्पन्न किया गया।
- पटना जिले में ट्रस्ट के माध्यम से चित्रांश परिवार के गरीब लड़कियों के शादी में (*साई शिल्पी डेकोरेटर्स एण्ड कैटरर्स*) जिसके संचालक श्री संजीव सहाय है, की ओर से बाजार मुल्य से आधे दर पर सभी कार्य तथा आकस्मिक कार्यों में 50 व्यक्तियों के लिए निःशुल्क व्यवस्था जिसमें रखना, खाना एवं अन्य जरूरी कार्य शामिल है का प्रस्ताव दिया गया है।
- नववर्ष के शुभ अवसर पर विगत दो वर्षों से वनभोज–सह–पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा जिसमें काफी चित्रांश परिवार ने भाग लिया एवं कार्यक्रम को सफल बनाया।
- ट्रस्ट का विस्तार करते हुए गिरीडीह जिला में सर्वसम्मती से श्री नीरज कुमार सिन्हा को कायस्थ शिरोमणि सेवा ट्रस्ट गिरीडीह जिला का अध्यक्ष मनोनीत किया गया और उनके नेतृत्व में कार्य करने की पहल की जा रही है।
- पुनः ट्रस्ट का विस्तार करते हुए सर्व सम्मति से ट्रस्ट का प्रदेश अध्यक्ष, झारखण्ड में श्री पी0के0 लाला को मनोनीत किया गया। जिनके सहयोग से झारखण्ड के और भी जिले में ट्रस्ट का विस्तार किया जाएगा।
- ट्रस्ट के महत्वपूर्ण कार्यक्रम " ट्रस्ट आपके द्वार" को आगे बढाते हुए दिनांक 07.07.2021 टाटा में वहॉ के चित्रांश श्री गिरिश चन्द्र प्रसाद के अगुवाई में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें वहॉ के काफी चित्रांश उपस्थित हुए एवं ट्रस्ट के द्वारा किये जा रहे कार्यों को सराहा साथ ही टाटा में जल्द ही ट्रस्ट का विस्तार करने हेतु आश्वासन दिया गया।

- ट्रस्ट के कार्यो से प्रभावित होते हुए श्री रोहित कुमार सिन्हा जिनका अपना कम्पनी है उन्होने ट्रस्ट के माध्यम से आये बेरोजगार लोगों को हर सम्भव रोजगार (योग्यता के आधार पर) देने का आश्वासन दिया।
- ट्रस्ट में धनबाद के अलावे जमशेदपुर, कोलकाता, सिंगरौली, रॉची से चित्रांश बन्धुओं ने सदस्यता ग्रहण किया। इसके अलावे बिहार, छतीसगढ, मध्यप्रदेश, बुंदेलखण्ड और दिल्ली से भी सदस्य इस ट्रस्ट से जुडे हैं एवं सहयोग करने आ रहें हैं।
- ट्रस्ट में पारदर्शिता बनाये रखने हेतु नियमित रूप से मासिक बैठक भी किया जाता है।

:—धन्यवाद—: